हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार 18 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 10.3 डिग्री

11 स्वच्छ सर्वेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



12 24 अप्रैल को आएंगें मोदी, तैयारियां शुरू



## खबर संक्षेप

### मारपीट और लूटपाट करने के आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने रास्ता रोककर मारपीट और लूटपाट की घटना में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राहुल और रिपुल निवासी विकासपुरी, दिल्ली तथा साकेत निवासी उत्तम नगर, दिल्ली के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार यह घटना 11-12 सितंबर 2025 की रात की है। शिकायतकर्ता अंश निवासी शाहदरा अपने दोस्त गगन के साथ मुरथल से लौट रहा था। राई के पास एक कार चालक द्वारा बार-बार ओवरटेक करने को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद कुंडली के पास आरोपितों ने कार रोककर हमला कर दिया। आरोपितों ने गाड़ी के शीशे तोड़े और दोनों युवकों को लकड़ी के डंडों व लात-घूंसों से पीटा।

### जुआ खेलते युवक काबू, नकदी बरामद

**सोनीपत।** थाना सदर सोनीपत पुलिस ने जुआ खेलने के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4000 रुपये और 104 ताश के पत्ते बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लोकेश निवासी गांव ककरोई, अनिल और आकाश निवासी गांव कालूपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 16 मार्च 2026 को उप निरीक्षक सौरव अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि हरसाना कला निवासी विकास अपने मकान में कुछ लोगों को जुआ खिला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा, जहां तीन व्यक्ति ताश के पत्तों से पैसे लगाकर जुआ खेलते मिले। पुलिस ने तीनों को मौके पर काबू कर लिया। तलाशी के दौरान लोकेश से 2400 रुपये, आकाश से 700 रुपये और अनिल से 900 रुपये बरामद हुए।

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**गन्नौर।** थाना बड़ी पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 16 मार्च को उप निरीक्षक सियाराम अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि आरए-आरए होटल गन्नौर की पार्किंग में एक युवक कार में अवैध हथियार लिए खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। पूछताछ में उसकी पहचान पारस निवासी वार्ड नंबर 2 गन्नौर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसकी गाड़ी के डैशबोर्ड से एक अवैध रिवाल्वर व तीन गोलियां मिली। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### दुकानदार व फूड स्टॉल संचालक धड़ल्ले से प्रयोग कर रहे घरेलू गैस सिलेंडर

# गैस की कालाबाजारी, उपभोक्ताओं के सिलेंडर खूब दिख रहे बाजारों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में कमर्शियल गैस आपूर्ति बंद होने के बाद अब घरेलू सिलेंडर व्यापार में उतरने लगा है। होटल, रेस्तरां, ढाबों से लेकर दुकानों व खाद्य पदार्थ के स्टॉलों पर एलपीजी का धड़ल्ले से प्रयोग होने लगा है। उधर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने घरेल गैस सिलेंडरों की का ला बा जा री रोकने व स्टॉक पर रोक लगाने के लिए टीमों का गठन किया है। विभाग के अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को भी कुंडली स्थित कुछ होटल व ढाबों पर छापा मारकर जांच की, जल्द ही इनकी रिपोर्ट तैयार करने का निर्णय लिया है। वहीं 16 मार्च को खरखौदा के सैदपुर स्थित औद्योगिक क्षेत्र में सीएम फ्लाइंग व खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने बालाजी इंटरप्राइजिज पर छापा मारकर 28 कमर्शियल सिलेंडरों को जब्त किया था। इनमें 12 भरे, 12 खाली व 4 प्रयोग हो रहे कमर्शियल सिलेंडरों को मौके से जब्त किया गया था। अब इस मामले में खरखौदा थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को इसकी रिपोर्ट मिली है।

- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने टीमों का किया गठन, अधिकारियों ने कुंडली में होटल व ढाबों पर मारा छापा, जल्द तैयार करेंगे रिपोर्ट
- सैदपुर औद्योगिक क्षेत्र में दो दिन पूर्व 28 कमर्शियल सिलेंडर जब्त करने के मामले में खरखौदा थाना में मुकदमा दर्ज

मॉडल टाउन



ओल्ड डीसी रोड



चाय की दुकान



### कमर्शियल सिलेंडर न मिलने से बिगड़ रहे हालात

दुकानदारों व खाद्य स्टॉल संचालकों के पास जमा कमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक अब निपटने लगा है। ऐसे में हर जगह दुकानदार व व्यवसायी घरेलू गैस पर होने निर्भर लगे हैं। ऐसे में फूड बाजार गैस की किल्लत होने लगी है। उधर घरेलू सिलेंडर की पैनिक खरीद के चलते बुकिंग का आकड़ा बेकाबू होने से बैक लॉग का नियम लागू है। लोग ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने पर एजेंसियों पर पहुंचकर अपनी बुकिंग करवा रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक एजेंसी पर बुकिंग का आकड़ा सिलेंडर स्टॉक से दोगुना पहुंचने पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर आपूर्ति में एक से दो दिन का समय लग रहा है। हालांकि अब तक घरेलू गैस की किल्लत सामने नहीं आई है। उधर कुछ लोग घरेलू गैस सिलेंडरों को बाजार में दुकानदारों को ब्लैक में देने लगे हैं। ब्लैक किए गए सिलेंडरों के मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। शहर की अधिकांश दुकानों, मिष्ठान भंडारों, होटल-रेस्तरां व खाद्य पदार्थों संबंधी स्टॉल पर घरेलू गैस सिलेंडरों के अलावा डीजल व लकड़ी की भट्ठी और इलेक्ट्रिक भट्ठी (इलेक्ट्रिक फर्नेस) का प्रयोग होने लगा है। एजेंसी संचालकों ने बताया कि मंगलवार को सर्वर उचित रूप से चलने के कारण एजेंसियों पर बुकिंग करवाने के लिए आने वाले उपभोक्ताओं की संख्या कम रही। प्रत्येक एजेंसी पर आम दिनों की अपेक्षा बुकिंग का आकड़ा ज्यादा रहा। एजेंसियों पर दिनभर लोग बुकिंग के लिए पहुंचते रहे।

### सिलेंडर की ब्लैक रोकने के लिए टीमों का गठन

जिले में घरेलू गैस को लेकर फिलहाल उपभोक्ताओं के समक्ष कोई परेशानी नहीं है। व्यवसायिक तौर पर कमर्शियल गैस में की गई 20 फीसदी की कटौती जल्द बहाल की जा सकती है। कमर्शियल सिलेंडरों के स्टॉक व घरेलू सिलेंडरों की ब्लैकिंग की जांच को लेकर टीम गठित की गई हैं। टीमों को निरंतर निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।
-**विंशेल सहरावत**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, सोनीपत

# ब्लॉक के चलते 3 दिन प्रभावित रहेगा ट्रेनों का परिचालन, 29 को दो पैसेंजर नहीं चलेंगी



**सोनीपत।** रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दिल्ली में यमुना नदी पर पुराने लोहे के पुल के समानांतर बनाए गए पुल पर चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य के चलते सोनीपत से गाजियाबाद आवागमन करने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 29 मार्च को रद्द रहेगा। इस दौरान गाजियाबाद जाने वाले रेलयात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

- 27 मार्च को आम्रपाली व 28 मार्च को एक्सप्रेस ट्रेन का रूट परिवर्तन के साथ होगा परिचालन

### ये रेलगाड़ियां नहीं चलेगी

इंटरलॉकिंग कार्य पूरा करने के लिए रेलवे ने 17 व 18 मार्च और 28 व 29 मार्च को पुरानी दिल्ली-शाहदरा रेलखंड पर ट्रैफिक व पावर ब्लाक लेने का निर्णय लिया है। 29 मार्च को दिल्ली पानीपत पैसेंजर (64531) और पानीपत-दिल्ली पैसेंजर (64536) ट्रेन रद्द रहेगी। इस कारण इन दिनों इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित रहेगी।

27 मार्च को दिल्ली क्षेत्र में आम्रपाली एक्सप्रेस (15707) रूट बदलकर चलेगी। 28 मार्च को ऊंचाहार एक्सप्रेस का रूट बदला जाएगा। उस दौरान सोनीपत, गन्नौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रद्द रहेगी। उस दिन यह ट्रेन खुर्जा जंक्शन, मेरठ सिटी जंक्शन, सहारनपुर से अंबाला होते हुए चलाया गया।

### दिल्ली-शाहदरा रेलखंड पर काम चलेगा

सोनीपत आने जाने वाली तीन ट्रेनें 28 व 29 मार्च को प्रभावित रहेगी। पुरानी दिल्ली-शाहदरा रेलखंड पर ट्रैफिक व पावर ब्लॉक लेने के चलते इन ट्रेनों की आवाजाही नहीं होगी।
-**हिमांशु शेखर उपाध्याय**, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे

# स्टेशन के पास कैमरा : तीसरे दिन भी नहीं उठा राज से पर्दा, पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सोनीपत रेलवे स्टेशन के पास सोलर प्लेट युक्त संदिग्ध सीसीटीवी ओएचई खंभे पर लगा मिलने के 3 दिन बाद भी अधिकारी व पुलिस एक कदम नहीं चल पाए हैं। दिल्ली व गाजियाबाद से अधिकारियों व तकनीकी टीम के जांच के लिए आने की अफवाहों के बीच तीसरा दिन भी यूं ही गुजर गया। रेलवे स्टेशन से करीब 500 मीटर दूरी व रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाना व हिंदू कन्या कॉलेज के सामने लगे संदिग्ध सीसीटीवी मामले में तीसरे दिन भी राज से पर्दा नहीं उठ पाया। उधर सीसीटीवी को लेकर लोगों में तरह-तरह की बातें उठने लगी हैं। लोग रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने लगे हैं। अधिकारी व पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

- जांच करने के लिए नहीं पहुंची दिल्ली से विशेष टीम



### डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर की व्यवस्था नहीं

सोनीपत स्टेशन पर सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) स्थापित नहीं है। भवन निर्माण के चलते स्टेशन के प्रवेश द्वार पर लगे डिटेक्टर को करीब दो साल पहले हटा दिया गया था। ऐसे में अब स्टेशन परिसर में आने-जाने के लिए यात्री करीब 6 मार्गों से आवागमन कर रहे हैं। केवल मुख्य प्रवेश द्वार को छोड़कर कहीं भी पुलिस की नजर नहीं है। दोनों तरफ प्रवेश द्वार के अलावा गोदाम के आसपास, इंजीनियरिंग कार्यालय के सामने, रेलवे स्वास्थ्य केंद्र के पास टूटी दीवार से स्टेशन परिसर में आवागमन का रास्ता बना हुआ है। इस ओर आरपीएफ व जीआरपी का कोई ध्यान नहीं है। स्टेशन पर करीब 70 एक्सप्रेस, सुपरफास्ट व पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव निर्धारित है। यहां से रोजाना करीब 40 हजार से ज्यादा यात्री ट्रेन से दिल्ली, गोहाना, जींद व पानीपत रूट पर आवागमन करते हैं। लोग स्टेशन के पास लगे संदिग्ध सीसीटीवी को गाजियाबाद में घटित मामले से भी जोड़कर देख रहे हैं।

### करीब 2 साल से तीसरी आंख से ओझल है स्टेशन

दिल्ली-अंबाला रेल लाइन पर सोनीपत स्टेशन को मॉडल स्टेशन का दर्जा दिया गया है। फिर भी दिल्ली से सटे सोनीपत स्टेशन पर जहां सुरक्षा व्यवस्था में अनेक खामियां हैं, वहीं करीब दो साल से तीसरी आंख से भी ओझल है। रेलवे ने स्टेशन पर पुर्नविकास के कार्यों के चलते वर्ष 2023 के अंत में सोनीपत स्टेशन से सभी सीसीटीवी को उतवा लिया था। ऐसे में स्टेशन परिसर व इसके आसपास कहीं भी सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं है। सोनीपत स्टेशन पर निर्माण कार्य से पहले कुल 24 सीसीटीवी को उतार लिया गया था, जिन्हें आज तक दोबारा नहीं लगाया गया है। अधिकारियों की मानें तो भवन निर्माण पूरा होने के बाद यहां करीब 52 सीसीटीवी लगाने जाने हैं।

# रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा मामले में डीड राइटर भेजा जेल

**गन्नौर।** पेपरलेस रजिस्ट्री के पहले बड़े फर्जीवाड़े में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बीच एसआईटी ने डीड राइटर एडवोकेट दिनेश शर्मा को एक दिन का रिमांड समाप्त होने पर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले में अन्य चार आरोपित पहले से ही पुलिस रिमांड पर हैं और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान डिडराइटर दिनेश शर्मा से रजिस्ट्री प्रक्रिया में उसकी भूमिका और फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के संबंध में पूछताछ की गई। पुलिस को दिनेश के पास से रुपये भी बरामद हुए। इस संबंध में पूरी जानकारी पुलिस सभी आरोपितों का रिमांड समाप्त होने के बाद देगी। अभी तक की जांच में कई अहम तथ्य सामने आए हैं और अन्य आरोपितों से पूछताछ में और खुलासे हो सकते हैं। गौरतलब है कि आरोपितों ने मिलीभगत कर दिल्ली के कारोबारी की 36 कनाल जमीन के फर्जी कागजात तैयार कर रजिस्ट्री करवा दी थी। इस मामले में फर्जी विक्रेता, खरीदार, प्रापर्टी डीलर व अन्य की संलिप्तता सामने आई। जिसके बाद आरोपित सुरेश, सुरेंद्र, बलबीर, प्रमोद व दिनेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दिनेश कुमार का रिमांड समाप्त होने के बाद अब पुलिस सुरेश, सुरेंद्र, बलबीर और प्रमोद से पूछताछ कर रही है।

# टिकौला में दिनदहाड़े 1.60 लाख रुपये और जेवरात चोरी

**सोनीपत।** गांव टिकौला में दिनदहाड़े एक घर से 1.60 लाख रुपये नकदी व जेवरात चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी गांव के युवक पर चोरी का आरोप लगाया है। मुरथल थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टिकौला निवासी कृष्णलाल ने शिकायत में बताया कि वह अपने पुराने घर के पास नया घर बनवा रहे हैं। निर्माण कार्य के चलते उन्होंने मजदूरों के भुगतान के लिए अलमारी में करीब 1.60 लाख रुपये रखे हुए थे। घटना के समय वह अपनी पत्नी कमलेश के साथ खेत में गए थे और उनका बेटा कोचिंग सेंटर पर गया था। दोपहर के समय जब वह खेत से वापस लौटे और मजदूरों को भुगतान करने के लिए अलमारी खोली तो अंदर का सामान अस्त-व्यस्त मिला। नकदी व आभूषण गायब मिले।

# बूम लिफ्ट मशीन से तीन कार्ड चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** अंतर्राष्ट्रीय फल एवं सब्जी मंडी गन्नौर में एक कंपनी में कार्यरत ठेकेदार की बूम लिफ्ट मशीन से तीन कार्ड चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना बड़ी पुलिस को शिकायत की है। जानकारी के अनुसार जिला खैरतल-तिजारा, राजस्थान के गांव भिवाड़ी निवासी प्रताप सिंह ने बताया कि उसकी दो बूम लिफ्ट मशीनें स्वयं की हैं, जबकि सात मशीनें कान्ट्रैक्ट पर लेकर वह वत्स कंपनी में कार्य में लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च की रात को उनकी एक मशीन से तीन कार्ड अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जल्द खुलासे का भी दावा किया है।

**19 से प्रारंभ होकर 27 मार्च को नवमी पर संपन्न होगा उत्सव**

# चैत्र नवरात्र उत्सव : मां दुर्गा का पालकी पर होगा आगमन, 9 दशक के बाद बन रहा शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नवरात्र के नौ दिन मां दुर्गा का पृथ्वी पर वास रहता है। हिंदू धर्म में नवरात्र में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना का विधान है। इस बार चैत्र माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6:52 बजे प्रारंभ होकर 20 मार्च को सुबह 4:52 बजे संपन्न होगी। ऐसे में चैत्र नवरात्र उत्सव 19 मार्च से प्रारंभ होकर 27 मार्च को नवमी तक मनाया जाएगा। चैन नवरात्र में मां दुर्गा का पालकी (डोली) पर आगमन होगा। नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का उत्सव चैत्र नवरात्र शुभ मुहूर्त में घट स्थापना कर मां शैलपुत्री के पूजन से प्रारंभ होगा। पंडित अमित शौनक ने बताया कि ज्योतिषीय अनुसार माता रानी के पालकी पर आगमन से संघर्षपूर्ण समय का संकेत माना गया है। इससे महामारी, आर्थिक मंदी, जन-धन की हानि या कठिनाइयों की आशंका रहती है। साथ ही चैत्र नवरात्र ज्ञान, भाग्य व आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक माने गए हैं। बृहस्पति नौवें, शुक्र 11वें व बुध 10वें या लग्न के स्वामी से केंद्र में होने पर विशिष्ट योग बनता है, इसलिए इस बार ग्रहों का भी उत्तम संयोग चैत्र नवरात्र पर बन रहा है। चैत्र नवरात्र 19 मार्च के शुभारंभ पर यह दिन कलश स्थापना के लिए उत्तम मुहूर्त रहेगा। जिसमें कलश स्थापना बहुत ही फलदायी रहेगी। कलश स्थापना के लिए पहला विशेष शुभ मुहूर्त सुबह 6:02 से 7:43 तक, दूसरा दोपहर 12:05 से 12:53 तक रहेगा। ऐसा शुभ मुहूर्त 9 दशक के बाद बन रहा है। जिसमें संवत्सर के आखिरी दिन से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रहे हैं। इस साल अमावस्या के साथ क्षय होने वाली प्रतिपदा तिथि भी रहेगी। साथ ही ग्रह नक्षत्रों के भी उत्तम योग है, जो अपने आप में बहुत खास माने गए हैं।



**सोनीपत।** सिद्धपीठ मां चिटाने वाली माता मंदिर में महाआरती के लिए ज्योत तैयार करते पंडित अमित शौनक व श्रद्धालु।

### कलश स्थापना के शुभ मुहूर्त

शुभ (उत्तम) : सुबह 6:26 से 7:57 बजे तक
चर (सामान्य) : सुबह 10:58 से दोपहर 12:29 बजे तक
लाभ (उन्नति) : दोपहर 12:29 से से 2:00 बजे तक
अमृत (सर्वोत्तम) : दोपहर 2:00 से 3:30 बजे तक

**खरीदारी व निवेश में मिलेगी सफलता:** चैत्र नवरात्र के पहले दिन तीन विशिष्ट योग का संयोग बनने जा रहा है। अमावस्या तिथि उदया काल में रहेगी, जबकि प्रतिपदा तिथि पूरे दिन रहेगी। इस दिन शुक्ल, ब्रह्म व सर्वार्थ सिद्धि योग के संयोग से नवरात्र उत्सव को लाभकारी बना रहे हैं।

### मंदिरों में सजावट शुरू

शहर के हलवाई हट्टा स्थित सिद्धपीठ मां चिटाने वाली माता मंदिर, गांव चिटाना में प्राचीन सिद्धपीठ माता मंदिर, कामी रोड काली माता मंदिर, सिद्धपीठ बाबा धाम मंदिर, मॉडल टाउन में नव दुर्गा मंदिर, कच्चे क्वार्टर स्थित दुर्गा मंदिर, सेक्टर-14 चिंतपूर्णी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में सजावट व व्यवस्थाओं का दौर शुरू हो चुका है। मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों, लाइटों व लड़ियों से सजाया जा रहा है।

### माता के नौ रूपों की आराधना

प्रथम नवरात्र 19 मार्च : मां शैलपुत्री
द्वितीय नवरात्र 20 मार्च : मां ब्रह्मचारिणी
तृतीय नवरात्र 21 मार्च : मां चंद्रघंटा
चौथा नवरात्र 22 मार्च : मां कुष्मांडा
पांचवां नवरात्र 23 मार्च : मां स्कंदमाता
छठा नवरात्र 24 मार्च : मां कात्यायनी
सातवां नवरात्र 25 मार्च : मां कालरात्रि
आठवां नवरात्र 26 मार्च : मां महागौरी एवं कन्या पूजन
नौवां नवरात्र 27 मार्च : मां सिद्धिदात्री एवं कन्या पूजन

# खेवड़ा बाइपास पर बैंक के कलेक्शन एजेंट से नकदी से भरा बैग छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

नेशनल हाईवे-334बी स्थित खेवड़ा बाइपास के पास बाइक सवार बदमाशों ने एक बैंक कलेक्शन एजेंट को निशाना बनाते हुए उससे नकदी से भरा बैग छीन लिया। घटना उस समय हुई जब एजेंट सड़क किनारे रुककर मोबाइल पर बात कर रहा था। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार गांव जाजल टोंकी निवासी सुमित एक निजी बैंक में कलेक्शन का कार्य करता है।

- सुमित उत्तर प्रदेश के बागवत से लोगों से रकम इकट्ठी कर वापस लौट रहा था

### वारदात से हड़कंप

सोमवार को वह कलेक्शन के सिलसिले में उत्तर प्रदेश के बागपत क्षेत्र में गया था। दिनभर विभिन्न स्थानों से रकम एकत्रित करने के बाद वह देर शाम करीब 1.20 लाख रुपये नकद और बैंक से जुड़े दस्तावेज बैग में रखकर बाइक से सोनीपत लौट रहा था।

### खेवड़ा बाइपास का मामला

बताया गया है कि शाम करीब 7:20 बजे जैसे ही वह खेवड़ा बाइपास के पास पहुंचा, उसके मोबाइल पर कॉल आ गई। कॉल रिसीव करने के लिए उसने बाइक सड़क किनारे रोक दी। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर उसका बैग छीन लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, सभी बदमाश मौके से फरार हो गए।

### 1.20 लाख ले गए : बदमाशों ने हेलमेट पहनकर की वारदात




पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने हेलमेट पहन रखे थे, जिससे उनके चेहरे पहचान में नहीं आ सके। अचानक हुई घटना के कारण वह उनकी बाइक के नंबर भी नोट नहीं कर पाया। छीने गए बैग में नकदी के साथ-साथ बैंक से संबंधित जरूरी कागजात भी थे। घटना की सूचना मिलते ही बहालगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपितों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।



## द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

**लाइफ Style**



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

**हॉलीवुड मसाला**



## ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



## ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



## फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



## तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

**टीवी मसाला**




## '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

### दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव


**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



## सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

## आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

### पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

*__इंपरफेक्ट वुमन :__ 'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

*__रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :__ 'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

*__अमोर एनिमल :__ वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना ग्लिकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप



लघु सचिवालय पहुंचे परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### नवरात्रों में मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग

**सोनीपत।** हिन्दू सेना परिषद के पदाधिकारियों ने नवरात्रों के दौरान जिले में मांस की दुकानों को बंद कराने की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। परिषद के सदस्यों ने कहा कि नवरात्रों का पर्व हिन्दू धर्म में विशेष महत्व रखता है और इस दौरान मां नवदुर्गा की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा भाव से की जाती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण हुड्डा और जिला अध्यक्ष संदीप गुलिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अनुरोध किया कि नवरात्रों के दौरान मांस की दुकानों को बंद कराया जाए, ताकि धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे और वातावरण पवित्र बना रहे। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा मंदिरों के पुजारियों और प्रबंधन समितियों से भी संपर्क किया जा रहा है ।

### होली के दिन हुए झगड़े में एक और आरोपी काबू

**रोहतक।** जिले के गांव बनियानी में होली के दिन हुए झगड़े में विक्रम की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस वारदात में शामिल 13 आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है। थाना कलानौर के प्रभारी निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि 5 मार्च को साहिल निवासी बनियानी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

### छात्रों को एआई के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा सरकारी कॉलेज दो दिवसीय एआई कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कंप्यूटर विभाग के सभी छात्रों ने भाग लिया और एआई के मूलभूत सिद्धांतों, व्यवसाय में इसके अनुप्रयोग, और भविष्य के करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र संगवान ने किया और सभी को कार्यशाला के उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया। कार्यशाला के दौरान छात्रों को एआई के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया गया और उन्हें व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया गया।

## जिले में एचबीएसई कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में किस्मत आजमा रहे छात्र

# बोर्ड परीक्षाएं : 3197 विद्यार्थियों ने दी गणित की परीक्षा, 24 अनुपस्थित

सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। एचबीएसई की ओर से बनाए गए 67 परीक्षा केंद्रों पर मंगलवार को कक्षा 12वीं के पंजीकृत 3221 विद्यार्थियों में से 3197 ने गणित विषय का पेपर दिया, जबकि 24 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। हालांकि मंगलवार को जिलाभर नकल संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। नकलरहित परीक्षा संपन्न होने पर शिक्षा विभाग ने राहत की सांस ली है। वहीं अब तक बोर्ड परीक्षाओं में 12 नकल संबंधी मामले उजागर हो चुके हैं, नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों की यूएमसी बनाई गई है। इस वर्ष जिले के सभी ब्लॉक में एचबीएसई के तहत कुल 31104 विद्यार्थी परीक्षाएं देकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। एचबीएसई बोर्ड परीक्षा के अंतर्गत जिलाभर में कक्षा 10वीं व 12वीं के लिए 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। साथ ही नकलरहित व शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न करवाने के लिए प्रशासन की ओर से 7 उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है। मंबलवार को 67 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का गणित विषय का पेपर रहा। विद्यार्थियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया, जबकि सभी केंद्रों पर 24 विद्यार्थी गैरहाजिर पाए गए। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर प्रवेश के समय चहल-पहल का माहौल रहा। कड़ी जांच के बाद सुबह 11:30 बजे के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा दोपहर 12:30 से 3:30 बजे तक आयोजित हुई। उधर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकलरहित संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे गए। केंद्रों के बाहर जहां काफी पुलिस बल तैनात रहा।



**सोनीपत।** गीता भवन चौक स्थित केंद्र पर परीक्षा देकर बाहर आते विद्यार्थी।

### केंद्रों पर अधिकारियों ने प्रशासन को किया अलर्ट

जिलाभर में बोर्ड की परीक्षाओं के नकल रहित संचालित करने के लिए व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं। इस साल कुल 82 परीक्षा केंद्रों में से 8 को संवेदनशील केंद्र की श्रेणी में शामिल किया गया है। ऐसे में नकलचियों पर लगाम कसने के लिए प्रशासन, जिला शिक्षा अधिकारी सहित उड़नदस्ता की टीमें दिनभर मोर्चा संभाले नजर आईं। अधिकारियों ने उड़नदस्ता की टीमों के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इसके अलावा बाहरी हस्तक्षेप रोकने के लिए सभी केंद्रों के प्रवेश द्वार पर पुलिस बल तैनात रहा। कड़ी जांच के बाद केवल विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। उधर केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें बंद रही, लोगों के खड़ा होने पर पाबंदी रही।

### प्रशासन की पैनी नजर

- कड़ी जांच के बाद मिला केंद्रों में प्रवेश, 67 केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में दी विद्यार्थियों ने परीक्षा
- जिले में एचबीएसई कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी, अब तक नकल के 12 मामले आ चुके सामने
- एचबीएसई के तहत जिले में 31104 विद्यार्थी परीक्षाओं में आजमा रहे अपना भाग्य, बोर्ड की ओर से बनाए गए कुल 82 केंद्र
- सीसीटीवी से रखी जा रही केंद्रों पर नजर, परीक्षा के लिए 7 उड़नदस्ता टीमों का भी गठन

### नकल संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से मंगलवार को कक्षा 12वीं की गणित विषय की परीक्षा रही। परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न करवाई गई। सभी केंद्रों पर परीक्षा के दौरान नकल संबंधी कोई मामला सामने नहीं आया है। नकल को रोकने के लिए बोर्ड के साथ जिला शिक्षा विभाग भी पूरी तरह सतर्क है। **-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**



**गोहाना।** शिविर के दौरान महिला विश्वविद्यालय की छात्राएं व स्कूल के विद्यार्थी।

# महिलाओं और छात्राओं को कानूनी अधिकार बताए

- विधि विभाग के लीगल एड सेंटर द्वारा सात दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के विधि विभाग के लीगल एड सेंटर द्वारा सात दिवसीय कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी देने के साथ ग्रामीण अंचल की छात्राओं को उनके सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना था।

शिविर के अंतर्गत विवि के विधि विभाग की छात्राओं ने गांव शामड़ी स्थित नीलकमल स्कूल में जाकर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े विभिन्न कानूनों, विशेषकर घरेलू हिंसा से संबंधित प्रावधानों बारे विस्तृत जानकारी दी। छात्राओं ने सरल एवं प्रभावशाली तरीके से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कानून और अधिकारों को प्रस्तुत किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने व समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने के लिए भी प्रेरित करने के साथ राजनीतिक नेतृत्व में भी सक्रिय भागीदारी निभाने हेतु आगे आने का संदेश दिया। विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा दहिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम कानूनी जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम के समापन सत्र में डॉ. अलका भारती एवं डॉ. अर्चना मलिक ने समानता, महिला सम्मान और सामाजिक जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

# भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री थी कल्पना चावला: डॉ. सुरेश सेतिया

- महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला को उनकी जयंती पर किया याद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

मंगलवार को भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला को उनकी जयंती पर याद किया गया। उनकी जयंती पर शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की और मार्गदर्शन निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने किया। मुख्य वक्ता पूर्व उप प्राचार्या सुषमा सेतिया ने कहा कि कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय मूल की पहली महिला थी जिन्होंने महत्वाकांक्षी उपलब्धियां हासिल की। उनका जन्म 17 मार्च 1962 को हुआ था। वह सितारों को देखकर 8वीं कक्षा में ही इंजीनियर बनने का सपने देखने लगी थी। 12वीं कक्षा पास अव्वल दर्जे से करनाल से और बीटेक चंडीगढ़ से करने के बाद अमेरिका जाकर टैक्सास यूनिवर्सिटी से 1984 में एमएससी और कोलोरेडो यूनिवर्सिटी से 1988 में पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1997 और 2003 में दो बार अंतरिक्ष की यात्रा की। दूसरी बार अंतरिक्ष सटल की कोलंबिया में सभी सवार यात्रियों की मौत हो गई थी। आजाद सिंह दांगी ने कहा कल्पना चावला एक एयरोस्पेस इंजीनियर थी और अंतरिक्ष शटल मिशन विशेषज्ञ थी। इस मौके पर उधम सिंह, सुभाष शर्मा, मनोज सैनी, दर्शना, रीना कश्यप, तनु, रेशु, सपना, रीना कश्यप, शहीदनमूल्ला आदि रहे।



गोहाना। कल्पना चावला के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नागरिक।

# स्वच्छता प्रबंधन: सफाई कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

- स्वच्छ सर्वेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

स्वच्छ सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर परिषद द्वारा बजाज पैलेस में सफाई कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ कर्मचारियों को नवीन तरीकों से अवगत कराना रहा। प्रशिक्षण के दौरान गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने, पानी के दोबारा उपयोग को बढ़ावा देने तथा घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सार्वजनिक शौचालयों की नियमित और बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम में डीएमसी हर्षित कुमार, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय, आइएएस अधिकारी योगेश, नगर परिषद अध्यक्ष रजनी विरमानी, उपाध्यक्ष राजबाला मलिक, ईओ निशा शर्मा, सचिव सुंदर शर्मा ने कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया। मास्टर ट्रेनर रितु और अश्विनी ने कर्मचारियों को स्वच्छता प्रबंधन, कचरा अलग-अलग करने, डोर-टू-डोर कलेक्शन और नागरिकों से संवाद के तरीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। डीएमसी हर्षित कुमार ने सफाई ने कहा कि नगर परिषद की देश में बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए सभी को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन तभी संभव है जब शहर के हर वार्ड में सफाई व्यवस्था मजबूत हो और लोग भी सहयोग करें। नगर परिषद अध्यक्ष रजनी विरमानी ने स्वच्छ भारत अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जन-जन का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पहले भी नगर परिषद ने प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल किया है और सामूहिक प्रयासों से इसे दोबारा दोहराया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



गोहाना। कमिश्नर हर्षित कुमार को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि



**सोनीपत।** बच्चों को प्रशिक्षण देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### वर्कशॉप में सिखाए बच्चों को कम्युनिकेशन स्किल

सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-12 में पाठशाला के बच्चों के लिए दस दिवसीय इंग्लिश स्पोकन और कम्युनिकेशन स्किल वर्कशॉप का आयोजन किया गया। संस्था के संस्थापक नितिन जैन ने बताया कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाना और उन्हें बेहतर संवाद कौशल सिखाना है।

वर्कशॉप में स्किल वाइज सेंटर फॉर लर्निंग की भावना कपूर ने निशुल्क सेवाएं देते हुए बच्चों को प्रशिक्षण दिया। आठवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया और मंच पर आकर बोलने का अभ्यास किया, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा। उन्होंने बताया कि संस्था का लक्ष्य बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल सिखाना है, ताकि वे भविष्य में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। इस दौरान अनन्या, तान्या और पिनाकिन सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला।

# विभाग की लापरवाही से राजलूगढ़ी में जलभराव, रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

गांव राजलूगढ़ी में जनस्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विभाग द्वारा नए पानी के कनेक्शन देने के नाम पर गली में पाइपलाइन डालने के लिए खोदाई की गई, लेकिन काम अधूरा छोड़ दिया गया। पाइपलाइन में वाल्व तक नहीं लगाया गया, जिसके चलते पानी सप्लाई शुरू होने पर पानी लगातार बहकर सड़कों और गलियों में फैल रहा है। गली में बने गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर कीचड़ और फिसलन के कारण हादसे का खतरा भी बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की इस अनदेखी के कारण पाइपलाइन लीक है और घरों तक दूषित पानी पहुंच रहा है, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। लोगों में विभाग के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन को ठीक किया जाए, वाल्व लगाया जाए और गली को पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए।



**गन्नौर।** जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई खोदाई के कारण गड्ढे में भरा पानी।

### कार्रवाई जल्द

इस संबंध में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि वह इस संबंध में जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को तलब करेंगे और जल्द ही क्षतिग्रस्त पाइपलाइन ठीक करवाने के निर्देश देंगे।



**गन्नौर।** ओरिएंटेशन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जागरुक करती शिक्षिका।

### ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बताए करियर के विकल्प

**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित सीसीएएस जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पढ़ाई की सही दिशा और करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन किया। जैन शिक्षण संस्थान के प्रधान आनंद जैन, प्रधानाचार्या भूषण भाटिया और उप-प्रधानाचार्या शालिनी ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। प्रधानाचार्या भूषण भाटिया ने विद्यालय की परंपराओं, उपलब्धियों और अनुशासित वातावरण की जानकारी दी। उप-प्रधानाचार्या शालिनी जैन ने सकारात्मक सोच, अनुशासन और लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया। कोआर्डिनेटर मोनिका पाराशर ने पीपीटी के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां दिखाई। अध्यापकों ने विषयों के महत्व व करियर विकल्पों की जानकारी दी।

# टीकाराम कन्या कॉलेज का महलाना गांव में लगाया गया शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट 1 व 2 द्वारा 11 मार्च से महलाना गांव में चल रहे सात दिवसीय शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या गीता ने हरी झंडी दिखाकर किया और स्वयंसेविकाओं को अनुशासन व सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। शिविर के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने व्यक्तित्व विकास, मेडिटेशन, स्वास्थ्य जागरूकता, एड्स, स्वच्छता और सामाजिक कुरीतियों जैसे विषयों पर जानकारी दी। सिविल हॉस्पिटल की डॉ. शिवानी ने एचआईवी जांच के साथ आयरन टैबलेट वितरित की। वहीं अन्य वक्ताओं ने नशा मुक्ति, पौधारोपण, रक्तदान और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, सड़क सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता पर कार्य किया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। प्राचार्या ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किए। शिविर में 106 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया।



**सोनीपत।** शिविर के समापन अवसर पर प्रस्तुति देती छात्राएं।

## जीटी रोड पर बने अंडरपास के पास की घटना

# युवक पर जानलेवा हमला कर लूटपाट का किया प्रयास

घायल युवक ढाबे पर स्थित एक दुकान में सेल्समैन की नौकरी करता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

थाना मुरथल क्षेत्र में सोमवार की देर रात ड्यूटी समाप्त कर कुराड़ गांव के सामने जीटी रोड पर बने बन अंडर पास के पास जीटी रोड सर्विस लाइन से पैदल जा रहा एक ढाबा पर कार्यरत कर्मचारी पर चार अज्ञात बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हालत में सुधार के बाद कर्मचारी ने मुरथल थाना पुलिस को कार्रवाई के लिए शिकायत दी । पुलिस को दी शिकायत में घायल युवक ने बताया कि बदमाशों ने पहले हमला कर मोबाइल व नकदी छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर तेजधार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक अंकित कुमार निवासी ग्राम राजपुर, मैनपुरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 16 मार्च की रात करीब 12:30 बजे अपनी ड्यूटी समाप्त कर कुराड़ गांव की ओर जीटी रोड सर्विस लाइन से पैदल जा रहा था। जब वह हसनपुर गांव के सामने बने अंडरपास के पास पहुंचा, तभी एक स्कूटी पर सवार चार युवक वहां आए और उससे मोबाइल व रुपये छीनने का प्रयास किया। पीड़ित के विरोध करने पर तीन युवक स्कूटी से उतर गए और उस पर तेजधार हथियारों से सिर व गर्दन पर हमला कर दिया।

### सूचना पर पहुंची डायल-112

हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत में युवक ने बताया कि इसी दौरान एक ई-रिक्शा में सवार राहगीर वहां पहुंच गए, जिन्हें देखकर आरोपी मौके से स्कूटी पर सवार होकर सोनीपत की ओर फरार हो गए। घायल अवस्था में अंकित कुमार को उसके परिचित समीर उर्फ यूनित ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम अस्पताल पहुंची। युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सिविल अस्पताल सोनीपत रेफर कर दिया गया। उपचार के बाद अब युवक ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले के जांच अधिकारी एस आई सुल्तान सिंह ने बताया कि घायल युवक द्वारा पुलिस को शिकायत मिली है। पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच कर रही है।



घायल अंकित कुमार।

### स्कूटी पर सवार थे चार हमलावर

घायल युवक अंकित कुमार निवासी ग्राम राजपुर, मैनपुरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 16 मार्च की रात करीब 12:30 बजे अपनी ड्यूटी समाप्त कर कुराड़ गांव की ओर जीटी रोड सर्विस लाइन से पैदल जा रहा था। जब वह हसनपुर गांव के सामने बने अंडरपास के पास पहुंचा, तभी एक स्कूटी पर सवार चार युवक वहां आए और उससे मोबाइल व रुपये छीनने का प्रयास किया।

## विद्यार्थियों के पढ़ने-लिखने व गणितीय दक्षता बढ़ाने के लिए चलाया अभियान

# कथूरा ब्लॉक में 'प्रोजेक्ट अक्षर' से बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मिली नई दिशा

» कथूरा ब्लॉक के कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थी गणित व हिंदी विषय में 21 से बढ़कर 63 प्रतिशत हुए निपुण श्रेणी में शामिल

» शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनित गर्ग ने जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के प्रयास की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से "प्रोजेक्ट अक्षर" विशेष शैक्षणिक अभियान चलाया गया है। अभियान के माध्यम से बच्चों में पढ़ने, समझने व गणित की बुनियादी दक्षताओं (फाउंडेशनल लिटरेशी एंड न्यूमेरेसी) को विकसित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि प्रारंभिक कक्षाओं में ही उनकी शिक्षा की मजबूत नींव तैयार हो सके। यह अभियान सरकार के निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में शुरू किया गया है। पंचकूला में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनित गर्ग के समक्ष एसीयूटी सोनीपत योगेश दिल्हौर व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया ने प्रेजेंटेशन दी, तो उन्होंने इस कार्य की सराहना करते हुए अन्य स्कूलों में भी परियोजना के तहत कार्य करने के निर्देश दिए।



सोनीपत। पंचकूला में शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विनित गर्ग के समक्ष प्रोजेक्ट अक्षर की प्रेजेंटेशन देते सोनीपत के एसीयूटी योगेश दिल्हौर व जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया।

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य बालवाटिका से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों को पढ़ने, लिखने व बुनियादी गणित में दक्ष बनाना है। प्रोजेक्ट अक्षर के तहत सोनीपत के कथूरा ब्लॉक को पायलट ब्लॉक के रूप में चयनित किया गया, जहां इस अभियान को योजनाबद्ध तरीके से लागू किया गया। अभियान के तहत कथूरा ब्लॉक के 24 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों को परियोजना में शामिल किया गया। इसमें 2 व 3 फरवरी को कक्षा दूसरी के 246 विद्यार्थियों का गणित व हिंदी विषय पर सीखने के स्तर का आकलन किया गया। परियोजना में सेंट्रल स्क्वायर फाउंडेशन का सहयोग भी लिया गया। सभी बच्चों की वन-टू-वन असेसमेंट के माध्यम से पढ़ने व गणितीय दक्षता की जांच की गई। मोबाइल, टैबलेट व डिजिटल माध्यमों से डाटा संग्रह किया गया। परियोजना में क्लोज-लूप लर्निंग मॉडल अपनाया गया। इसके तहत पहले विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर उनकी कमजोरियों को पहचान शिक्षकों से विशेष शिक्षण गतिविधियां करवाई गईं।

### कक्षा दूसरी के कम से कम 75 प्रतिशत विद्यार्थियों को निपुण बनाना उद्देश्य

उपायुक्त ने बताया कि प्रोजेक्ट अक्षर केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। असेसमेंट में सोनीपत के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 16 विद्यार्थियों की मूल्यांकन टीम तैयार की गई। विद्यालयों में 2 व 3 फरवरी को आकंलन हुआ, तो केवल 21 प्रतिशत बच्चे गणित व हिंदी विषय में निपुण पाए गए, जबकि 9 व 10 मार्च को दोबारा आंकलन में 63 प्रतिशत बच्चे निपुण श्रेणी में शामिल हुए। दूसरे चरण में विद्यार्थियों में हिंदी में वर्ण पहचान, शब्द पठन, वाक्य पठन की क्षमता में वृद्धि हुई। गणित में संख्या पहचान, जोड़ व घटाव जैसी बुनियादी दक्षताओं में भी प्रगति देखने को मिली। अब प्रशासन व विभाग का उद्देश्य कक्षा दूसरी के कम से कम 75 प्रतिशत विद्यार्थियों को निपुण बनाना है।

### 5 शिक्षकों के योगदान की सराहना

एसीयूटी योगेश दिल्हौर ने बताया कि प्रोजेक्ट अक्षर के अंतर्गत कथूरा ब्लॉक के जिन विद्यालयों में सात या उससे अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जहां 75 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी निपुण स्तर तक पहुंच चुके हैं। वहां कार्यरत शिक्षकों ने विद्यार्थियों की कमजोरियों को पहचान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस उपलब्धि में योगदान देने वाले शिक्षकों में राजकीय प्राथमिक विद्यालय, मिर्जापुर खेड़ी से संतराम, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, गुढ़ा से सुनील, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बनवासा से जोगेंद्र, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, धनाना से संजय कुमार, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, आहुलाना से ज्योति रानी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### गोहाना में गुढ़ा चौक पर रक्तदान शिविर 20 को

**गोहाना।** शहीद भगत सिंह युवा क्लब आहुलाना द्वारा 20 मार्च को गोहाना में महम मार्ग स्थित गुढ़ा चौक पर 25वां रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। रक्तदान शिविर के मुख्य अतिथि मलिक खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलजीत मलिक और बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल होंगे। अध्यक्षता जगत सिंह मलिक करेंगे और संयुक्त संयोजन नवीन मलिक, लोकेश कुमार, सुमित मलिक और कर्मपाल का रहेगा। शिविर में रक्त संकलन के लिए पीजीआई रोहतक की टीम पहुंचेगी। शिविर वातानुकूलित बस में आयोजित होगा।

### शिविर में 65 मरीजों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**गोहाना।** आयुष विभाग द्वारा मंगलवार को गांव माहरा स्थित आरोग्य केंद्र में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 65 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए बीमारियों से बचने के लिए जागरूक किया गया। डॉ. सुरेश दुग्गल ने बताया कि शिविर में मधुमेह, आमवात, सामान्य शोय, कास्यवाश और उच्च रक्तचाप से संबंधित ज्यादा मरीज मिले। डॉ. दुग्गल ने बीमारियों के उपचार के साथ-साथ बचाव संबंधी जानकारी भी दी। यह शिविर जिला आयुष अधिकारी डॉ. राम अवतार के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।

### जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 9 मेडल

**सोनीपत।** जूनियर व सब जूनियर ब्वॉयज एंड गर्ल्स जिला स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 15 मार्च को गोहाना में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न अकादमियों के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया। हैप्पी चाइल्ड अकादमी, महलाना रोड से भी विभिन्न बॉक्सरों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा के बलबूते विभिन्न 9 पदकों पर कब्जा किया। सबजूनियर में खुशी स्वर्ण, लावण्या सिल्वर, सुवंश स्वर्ण, कुणाल सिल्वर, चित्राक्ष ब्रॉंज, अक्ष और ईशांत ने ब्रॉन्ज पदक हासिल किए। जूनियर में अनुष्का ने स्वर्ण और अवेक ने ब्रॉंज पदक हासिल किए।



## खरखौदा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**खरखौदा।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह के अनुसार खरखौदा में आईटीआई चौक के साथ लगती 5.5 एकड़, एनएच-334 बी पर हिल वाटर पार्क के साथ लगती 10.5 एकड़ तथा गोपालपुर रोड़ पर 03 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 450 मीटर लम्बा रोड़ नेटवर्क, सीवरेज लाईन, अवैध रास्तों की डिमार्केशन, 1 प्रोपर्टी डीलर ऑफिस व 20 डीपीसी को जिला प्रशासन के सहयोग से ध्वस्त किया गया।डीटीपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। डीटीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी अवैध कॉलोनी के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सभी क्षेत्रों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी विकसित करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।



## नियमित योग से तनाव होता है कम स्वास्थ्य में होता सुधार : अमरजीत

**गोहाना।** एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मंगलवार को उपमंडलीय परिसर में कर्मचारियों को योग वाई-ब्रेक करवाया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने अनुलोम-विलोम और प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाएं की। योग सहायक अमरजीत ने कर्मचारियों को योग का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग तनाव को कम करता है और स्वास्थ्य में सुधार होता है। योग से शरीर लचीला बनता है और यह एकाग्रता बढ़ाने के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत करता है। इस अवसर पर एएसआर आत्मप्रकाश, रीडर सुभाष चन्द्र, स्टेनो राहुल और ऑपरेटर पूजा सहित अन्य कर्मचारियों ने योग क्रियाओं का अभ्यास किया।

## 24 अप्रैल को आएंगें मोदी, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 24 अप्रैल के प्रस्तावित दौरा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस कड़ी में मंगलवार को उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों व मारुति सुजुकी प्लांट के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मारुति सुजुकी प्लांट के सुगम संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न बिन्दूओं पर चर्चा की गई व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त सुशील सारवान ने मुख्य रूप से सभी कार्यो की समय-सीमा निर्धारित की व जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो जल्द से जल्द सभी कार्यो को करवाना सुनिश्चित करे। बैठक के दौरान प्लांट का आधारभूत ढांचा, बिजली, पानी, सुरक्षा व अन्य विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सर्विस रोड़ पर एचएसआईआईडीसी के कार्यो में बाधा डालने वाले बिजली के खंभो को यूएचबीवीएन के अधिकारियों को 20 मार्च तक हटाने के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को पावर इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने, आवश्यक मैनपावर की तैनाती करने के भी निर्देश दिए गए।

■ उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मारुति सुजुकी प्लांट के सुगम संचालन को लेकर बैठक




## राज्यसभा चुनाव में 'बुराई पर अच्छाई की जीत' : दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राज्यसभा चुनाव के कड़े मुकाबले और भारी राजनीतिक उठापटक के बीच कर्मवीर बौद्ध की जीत ने प्रदेश की राजनीति में नए समीकरण स्थापित कर दिए हैं। इस ऐतिहासिक जीत के बाद कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे 'बुराई पर अच्छाई की जीत' करार दिया। कमल दिवान ने बताया कि यह जीत आसान नहीं थी। विपक्षी दलों ने चुनाव को प्रभावित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए। चुनावी रात के दौरान जब गहमागहमी चरम पर थी, तब कर्मवीर बौद्ध ने स्वयं चुनाव आयोग को पत्र लिखकर निष्पक्षता और नियमों के पालन की अपील की।

### विपक्ष की साजिशों को किया नाकाम

दिवान के अनुसार, उनके इस साहसिक कदम ने विपक्ष की कथित साजिशों को नाकाम करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अंततः सत्य की ही जीत होती है और यह परिणाम जनता की भावनाओं का सम्मान है। कमल दिवान ने कहा कि विपक्ष के भीतर बिखराव साफ नजर आया। कुल 90 विधायकों में से 83 वोट वैध पाए गए। भाजपा के 48 विधायकों में से एक का वोट रद्द हुआ, जबकि शेष 47 वोटों में पहली प्राथमिकता के आधार पर भाटिया को 39 और नांदल को 8 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस के 37 विधायकों में से 4 वोट रद्द हो गए और 5 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की, जिससे पार्टी का गणित बिगड़ गया। अंततः कांग्रेस के पास केवल 28 वोट ही रह गए, जिससे कर्मवीर बौद्ध की राह आसान हो गई। भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी सतीश नांदल को पहली प्राथमिकता के 16 वोट मिले, जिनमें भाजपा के 8, कांग्रेस के 5 और निर्दलीय के 3 वोट शामिल रहे। कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और वोटों का रद्द होना विपक्ष की नैतिक हार को दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनीति में शुचिता और निष्ठा का कोई विकल्प नहीं है। कर्मवीर बौद्ध अब राज्यसभा सदस्य के रूप में संसद के उच्च सदन में प्रदेश की जनता की आवाज को मजबूती से उठाएंगे।



## संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा पास करने वाले 7 अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा - 2025 के परिणाम में जिला सोनीपत के 7 मेधावी अभ्यर्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त सुशील सारवान ने मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में सफल अभ्यर्थियों से मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अभ्यर्थियों में प्रीति चौहान (गांव अटेरना), मानसी डागर (गांव बाघडू / वर्तमान निवास - सेक्टर 23, सोनीपत), संदेश जैन (राम गली, गोहाना), इशिता शर्मा (सेक्टर-7, गोहाना), वैभव भारद्वाज (वेस्ट रामनगर, सोनीपत), निशि त्यागी (गांव शाहपुर तगा, गन्नौर), अमन (मुरथल, सोनीपत) उपायुक्त ने सफल अभ्यर्थियों से संवाद करते हुए उनकी तैयारी, संघर्ष और सफलता के अनुभवों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि जिला के सभी युवाओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कर्म भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी है।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 से.मी<br>10X 8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

*इनेलो युवा सम्मेलन में पहुंचने का दिया न्योता*

## युवा सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को मंच प्रदान करना : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नरवाना की नई अनाज मंडी में आगामी 23 मार्च को होने वाले युवा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी ने हल्के के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों व युवाओं को सम्मेलन में पहुंचने का निमंत्रण दिया और तैयारियों का जायजा लिया। त्यागी ने कहा कि युवा सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपने विचार साझा कर सकें और समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझ सकें। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, अपने विचार व्यक्त करने और समाज के प्रति जिम्मेदारी समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने घरों के युवाओं को सम्मेलन में भेजें। प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी ने कहा कि 23 मार्च को होने वाला युवा सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं को एक नई दिशा देने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि युवा सम्मेलन के माध्यम से युवाओं को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर मंजीत फौगाट, सुनील ढाका, अमन आहुलाना, कृष्ण कादियान आदि मौजूद रहे।



गन्नौर। जनसंपर्क अभियान के दौरान उपस्थित इनेलो प्रदेश सचिव सुरेश त्यागी व अन्य पदाधिकारी।

### एमएड में काजल कौशिक और काजल आंतिल रही प्रथम

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल द्वारा घोषित एमएड प्रथम समेस्टर के परिणामों में टीका राम शिक्षा महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। महाविद्यालय की छात्रा काजल आंतिल ने प्रथम और छात्राओं साक्षी और विभूति जैन ने संयुक्त रूप से द्वितीय और मानसी और श्रुति दराल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएड तृतीय समेस्टर के परिणामों में महाविद्यालय की छात्रा काजल कौशिक ने प्रथम और छात्राओं ज्योति आंतिल और भारती ने संयुक्त रूप से द्वितीय और दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि एमएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के सभी छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उल्लेखनीय है कि एमएड प्रथम तथा तृतीय दोनों ही सेमेस्टर में पहले 10 स्थानों पर टीका राम शिक्षा महाविद्यालय में छात्रों ने सफलता प्राप्त की। एमएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा काजल कौशिक ने प्रथम तथा द्वितीय सेमेस्टर में भी विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।



## सोनिका गोयल बनीं एमएससी केमिस्ट्री की यूनिवर्सिटी टॉपर

**सोनीपत।** शिक्षण सत्र 2023-2025 के अंतर्गत महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (एमडीयू) द्वारा घोषित एमएससी केमिस्ट्री के परीक्षा परिणामों में जीवीएम गर्ल्स कालेज की छात्रा सोनिका गोयल ने यूनिवर्सिटी की टॉपर बनने का खिताब हासिल किया है। गोल्ड मेडलिस्ट सोनिका सहित जीवीएम की चार छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की टॉप-20 सूची में नाम दर्ज करवाया है। जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने इस उपलब्धि पर छात्राओं को विशेष रूप से बधाई दी है। जीवीएम की एमएससी कैमिस्ट्री की प्राध्यापिका डा. नवीन कुमारी ने परीक्षा परिणामों की जानकारी दी। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में नाम शामिल होना गौरवमयी उपलब्धि है। गोल्ड मेडल प्राप्त करना एक विद्यार्थी का स्वप्र होता है, जिसके लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करनी होती है। हमारी बेटियों ने शिक्षण क्षेत्र में सदैव कालेज का नाम रोशन किया है। इस मौके पर एमएससी कैमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष बीएस सैनी सहित प्राध्यापिकाओं करिश्मा हुड्डा, डा. सुमन वर्मा, डा. नवीन कुमारी तथा गीतांशु ने भी टॉप-20 सूची में शामिल छात्राओं को बधाई दी।

## किरण ने इंटरनेशनल वुशु चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक

**खरखौदा।** एथेंस में आयोजित छठी एक्रोपोलिस इंटरनेशनल वुशु चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा की होनहार खिलाड़ी किरण पुत्री निरंजन, गांव औरंगपुर, झज्जर ने 70 किलोग्राम भारवर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर देश, प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन किया है। 13 से 16 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में किरण ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीईओ सोहेल अहमद, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, कोच विनोद गुलिया, किरण की माता व पिता निरंजन भी मौजूद रहे। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि किरण पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ियों ने अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 28 और राष्ट्रीय स्तर पर 261 पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

## गांव बागडू व बादशाहपुर माछरी में अवैध निर्माणों को किया ध्वस्त

**सोनीपत।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) से जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही ध्वस्त करने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को एसएमडीए की टीम ने गांव बागड़ व बादशाहपुर माछरी की राजस्व संपदा में गांव बडवासनी, बागडू इत्यादि के चारों तरफ घोषित अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र न0-39 मे निर्माणाधीन अवैध औद्योगिक इकाई व फार्महाउस ध्वस्त किया गया। डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार द्वारा कोई भी मूलभूत सुविधा जैसे सडक, पानी, सीवरेज या बिजली प्रदान नहीं की जाती। इससे आपकी मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि संबंधित कॉलोनी नियमानुसार स्वीकृत है अथवा नहीं। तोड़फोड़ की कार्यवाही ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लोक निर्माण विभाग (भवन तथा मार्ग) प्रांतीय मंडल न0-1 के एसडीई राकेश कुमार तथा एसएमडीए इंफोरर्समेंट व पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई।



सार्वजनिक नोटिस
राई (सोनीपत) औद्योगिक एस्टेट में पुनर्वास और पुनर्स्थापन भूखंडों के आवंटन के लिए प्लॉटों के नंबर की लॉटरी ( प्लाट नंबर ) दिया जाएगा। आम जनता और सभी संबंधित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन (आर एंड आर) भूखंडों के आवंटन के लिए लॉटरी ( प्लाट नंबर) दिया जाएगा। एचएसआईआईडीसी द्वारा नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:-
दिनांक: 19 मार्च 2026
समय: सुबह 10:00 बजे से आगे।
स्थान: एचएसआईआईडीसी औद्योगिक एस्टेट कार्यालय, राई (सोनीपत)।
सभी पात्र आवेदकों को कार्यवाही में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। पात्र आवेदकों की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई है और किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया कार्य समय के दौरान एस्टेट मैनेजर के कार्यालय से संपर्क करें।
सहायक महाप्रबंधक (एस्टेट)-सह-एस्टेट प्रबंधक, हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की ओर से, शाखा कार्यालय, औद्योगिक एस्टेट, राई, जिला सोनीपत। ईमेल: estate.rai@hsiidc.org.in

लापता



महावीर पुत्र टेकराम गांव करेवड़ी जिला सोनीपत (हरियाणा) का स्थायी निवासी हैं जो दिनांक 20.05.2019 से लापता है। इसका रंग गेहूंआ, कद 5 फुट 2 इंच है। इसके दाएं हाथ की उंगलियां कटी हुई है और सफेद कुर्ता पजामा पहने हुए हैं जिसकी उम्र 62 वर्ष है। जिस किसी व्यक्ति को इसके बारे में खबर मिले तो कृपया करके निम्न नम्बर पर सूचित करें।
लालू - 9812938219
नवीन- 8053216810, फूलकुमार- 9050638508